हिन्दुस्तान
भरोसा नए हिन्दुस्तान का
मंगलवार
30 जून 2026, आषाढ़ कृष्ण पक्ष, प्रतिपदा, विक्रम संवत 2083, बरेली





क्रिकेट मैच के दौरान शॉट लगाता प्लेयर। • हिन्दुस्तान

# क्रिकेटः एसआरएमएस ब्लू ने पारकर अकादमी को हराया

**बरेली।** मनीष अंडर-14 क्रिकेट कप में एसआरएमएस ब्लू ने पारकर क्रिकेट अकादमी को 37 रन से हरा दिया। पहले बल्लेबाजी करते हुए एसआरएमएस ब्लू ने 30 ओवर में 6 विकेट पर 182 रन बनाए। जवाब में पारकर अकादमी 27.5 ओवर में 145 रन पर सिमट गई। मैच के हीरो अंशुमान कश्यप रहे। उन्होंने 18 गेंद में 16 रन बनाने के साथ 6 ओवर में 1 मेडन, 14 रन देकर 4 विकेट झटके। ऑलराउंड प्रदर्शन के लिए उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया।